भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 18.09.2023

आरेडिका में धूम–धाम से मनायी विश्वकर्मा जयंती

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में दिनांक 17.09.2023 को धूम–धाम से विश्वकर्मा भगवान की जयंती मनायी गई। महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा एवं प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता श्री एस.एस. कलसी ने रेलवे कर्मचारियों एवं यूनियनों के प्रतिनिधियों के साथ पूजा–पाठ कर कारख़ाने की प्रगति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

विश्वकर्मा जयंती पर रेलवे कर्मचारियों के सहयोग से नव निर्मित स्टोर शेड में एक प्रतिमा की स्थापना एवं भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें लोगों के लिए प्रसाद वितरण किया गया । जिसमें रेलवे कर्मी के परिवारों एवं संविदा कर्मचारियों ने भी हिस्सा लिया तथा प्रसाद ग्रहण किया। आज विश्वकर्मा भगवान की प्रतिमा का विधि विधान से विसंजर्न किया गया।

इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य विभागाध्यक्ष एवं मुख्य विभागाध्यक्ष तथा अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

(आर.एन.तिवारी) 18/9/2023
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी